Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Committee to implement Pradhan Mantri Awaas Yojana expeditely.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं पंतप्रधान आवास योजना के विषय पर बोलना चाहूंगी। हमारे आदरणीय प्राइम मिनिस्टर जी का वर्ष 2022 तक जो सपना है, अगर ग्राउंड लेवल पर हम देखें तो आज स्टेट में जो भी हिस्सेदारी केन्द्र से आनी है, वह हिस्सेदारी हमारे राज्य में जितने भी लाभार्थी हैं, उनको मिल रही है।... (व्यवधान) पिछले तीन वर्षों से लोगों ने अपने स्लैब तोड़ दिए हैं और स्लैब लगाने के लिए लोग तीन साल से भाड़े के घरों में रह रहे हैं। उनको जो दूसरा और तीसरा इंस्टॉलमेंट राज्य से मिलना है, वह अभी तक मिला नहीं है।... (व्यवधान)

ग्रामीण क्षेत्र में परमानेंट रेजिडेंट्स के लोगों को जो आटा मिलता है, उन लाभार्थियों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उसके साथ जितने भी पीआर कार्ड्स शहरी विभाग से मिलने चाहिए, वह भी उन्हें मिल नहीं पा रहे हैं।... (व्यवधान) पंतप्रधान आवास योजना में जितने भी रिटायर्ड ऑफिसर्स हैं, उन्हें उस क्षेत्र में वापस बैठाया गया है कि आप यह काम कीजिए। वह यह काम बिल्कुल भी इंट्रेस्ट से नहीं कर रहे हैं। अगर आप अमरावती क्षेत्र का पूछेंगे तो वहां रिटायर लोगों को पेंशन भी लागू है, लेकिन जितने भी लाभार्थी लोग हैं, उनका काम करने में यह कोई इंट्रेस्ट नहीं रखते हैं।... (व्यवधान) उस पर एक जरूर कमेटी बनाइये, जिस भी क्षेत्र में पंतप्रधान आवास योजना चालू है, अगर वह टाइम पर पूरी नहीं हो रही है तो यह किसकी मिस्टेक है और किस वजह से लाभार्थियों को उसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस पर कमेटी बनाइये, इतनी मैं आपसे रिक्वेस्ट करती हूं। धन्यवाद।... (व्यवधान)